नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय की ओर से फोटोग्राफी प्रतियोगिता
## 10 अगस्त तक जमा कर सकेंगे फोटो

वर्धा, 5 अगस्त 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की ओर से 'गांधी हिल मानसून फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2016' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हिंदी



विश्वविद्यालय के परिसर स्थित विभिन्न प्रकार के पक्षी, मन-मोहक दृश्य तथा लैण्डस्केप आदि की फोटोग्राफी की जा सकती है। यह प्रतियोगिता सबके लिए खुली और नि:शुल्क रखी गयी है तथा इस प्रतियोगिता के उत्कृष्ट फोटोग्राफ्स को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहन पर पुरस्कार दिए जाएंगे। फोटो का आकार 12 इंच x 18 इंच रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्वयं फोटो खींच कर उसकी प्रिंट जनसंपर्क विभाग में जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त फोटो विश्वविद्यालय की सम्पदा होगी। इन में से कोई भी फोटो विवि की पत्रिका, पुस्तक या ब्रोशर पर मुद्रित किया जा सकेगा। प्रतियोगिता में प्राप्त छायाचित्रों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। प्रतियोगिता के पुरस्कार युवा दिवस यानी 12 अगस्त 2016 वितरित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

## हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वतीने फोटोग्राफी स्पर्धा
## 10 ऑगस्ट पर्यंत फोटो जमा करण्याचे आवाहन

वर्धा, 5 ऑगस्ट 2016: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील जनसंपर्क विभागाच्या वतीने 'गांधी हिल मानसून फोटोग्राफी स्पर्धा 2016' चे आयोजन करण्यात आले आहे. या स्पर्धेत हिंदी विश्वविद्यालयाच्या परिसरातील विविध प्रकारचे पक्षी, मन-मोहक दृश्य आणि लँडस्केप इत्यादींची फोटोग्राफी करता येईल. ही स्पर्धा सर्वांसाठी खुली आणि नि:शुल्क ठेवण्यात आली आहे. स्पर्धेत उत्कृष्ट फोटोग्राफ्सला प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहनपर पुरस्कार देण्यात येणार आहेत. फोटोचा आकार 12 इंच x 18 इंच ठेवण्यात आला आहे. स्पर्धेत भाग घेणा-याला फोटो काढून त्याची प्रिंट जनसंपर्क विभागात जमा करावयाची आहे. स्पर्धेत आलेल्या फोटोंचे प्रदर्शनही विश्वविद्यालयात लावण्यात येईल. स्पर्धेचे पुरस्कार युवा दिनी म्हणजे 12 ऑगस्ट रोजी वितरित करण्यात येतील. या स्पर्धेत मोठया संख्येने सहभागी व्हावे असे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.